# 16 कथन-तर्क

1. कथनः

क्या भारत में मतदाता बनने के लिए 'साक्षरता' न्यूनतम मानदंड होना चाहिए?

तर्कः

I. नहीं, केवल साक्षरता किसी व्यक्ति की राजनीतिक परिपक्वता की गारंटी नहीं है।

II. नहीं, मतदान प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है।

(UPP Radio Oper. 02/02/2024 Shift 2)

(a) तर्क I और II दोनों दृढ़ हैं।
(b) केवल तर्क I दृढ़ है।
(c) केवल तर्क II दृढ़ है।
(d) न तो तर्क I और न ही II दृढ़ है।

2. कथनः

क्या सभी स्कूल शिक्षकों को निजी ट्यूशन पढ़ाने से रोक दिया जाना चाहिए?

तर्कः

I. हाँ, अब इन शिक्षकों का वेतन वाजिब है।

II. हाँ, यह उन बेरोजगार पढ़े-लिखे लोगों के साथ अन्याय है जो ट्यूशन पढ़ाकर अपना जीवन यापन कर सकते हैं।

(UPP Radio Oper. 03/02/2024 Shift 1)

(a) या तो तर्क I या तर्क II दृढ़ है।
(b) केवल तर्क I दृढ़ है।
(c) केवल तर्क II दृढ़ है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II दृढ़ है।

3. कथनः क्या उत्पाद विज्ञापन प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए?

तर्कः

I. नहीं, यह एक विज्ञापन का युग है। जब तक आपका विज्ञापन आपके अन्य प्रतिस्पर्धियों से बेहतर नहीं होगा, उत्पाद नहीं बिकेगा।

II. हाँ, विज्ञापन पर खर्च किया जाने वाला पैसा बहुत बड़ा है और इससे उत्पाद की लागत बढ़ जाती है।

(UPP Radio Oper. 03/02/2024 Shift 2)

(a) तर्क I और तर्क II दोनों दृढ़ है।
(b) या तो तर्क I या तर्क II दृढ़ है।
(c) केवल तर्क I दृढ़ है।
(d) केवल तर्क II दृढ़ है।

4. कथनः

क्या मोटरबाइक चलाते समय चालक और पीछे बैठने वाले दोनों के लिए हेलमेट पहनने का नियम सख्ती से लागू किया जाना चाहिए?

तर्कः

I. हाँ, यह एक नियम है और सभी को इसका सख्ती से पालन करना चाहिए।

II. हाँ, यह एक आवश्यकता है क्योंकि शरीर का सबसे संवेदनशील हिस्सा होने के कारण सिर को हेलमेट द्वारा संरक्षित किया जाना चाहिए।

(UPP Radio Oper. 04/02/2024 Shift 1)

(a) न तो तर्क I और न ही II दृढ़ है।
(b) तर्क I और II दोनों दृढ़ हैं।
(c) केवल तर्क I दृढ़ है।
(d) केवल तर्क II दृढ़ है।

5. कथनः

क्या रेलवे को अपने सभी कर्मचारियों को मुफ्त पास जारी करना तुरंत बंद कर देना चाहिए?

तर्कः

I. नहीं, कर्मचारियों को मुफ्त यात्रा करने का अधिकार है।

II. हाँ, इससे रेलवे को बेहतर सुविधा प्रदान करने में मदद मिलेगी।

(UPP Radio Oper. 04/02/2024 Shift 2)

(a) न तो तर्क I और न ही II दृढ़ है।
(b) या तो तर्क I या तर्क II दृढ़ है।
(c) केवल तर्क II दृढ़ है।
(d) केवल तर्क I दृढ़ है।

6. कथनः

क्या मोबाइल फोन पर इंटरनेट बैन कर देना चाहिए?

तर्कः

I. हाँ, छोटे बच्चे अप्रतिबंधित सामग्री से गुमराह होते हैं।

II. नहीं, जनता को मनोरंजन प्रदान करने का यही एकमात्र तरीका है।

(UPP Radio Oper. 05/02/2024 Shift 1)

(a) तर्क I और II दोनों दृढ़ हैं।
(b) केवल तर्क II दृढ़ है।
(c) केवल तर्क I दृढ़ है।
(d) न तो तर्क I और न ही II दृढ़ है।

7. कथनः

क्या सौंदर्य प्रसाधनों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए?

तर्कः

I. हाँ, कुछ लोग कहते हैं कि सौंदर्य प्रसाधन त्वचा के लिए हानिकारक होते हैं।

II. नहीं, सनस्क्रीन जैसे सौंदर्य प्रसाधनों की वास्तव में अनुशंसा की जाती है।

(UPP Radio Oper. 05/02/2024 Shift 2)

(a) केवल तर्क II दृढ़ है।
(b) तर्क I और II दोनों दृढ़ हैं।
(c) न तो तर्क I और न ही II दृढ़ है।
(d) केवल तर्क I दृढ़ है।

8. कथनः

क्या कारों पर टैक्स को और बढ़ाया जाना चाहिए?

तर्कः

I. हाँ. कारें अत्यधिक विलासिता की वस्तु हैं और केवल अमीर लोग ही उन्हें खरीदते हैं

II. नहीं, कार तो आजकल हर कोई खरीदता है।

(UPP Radio Oper. 06/02/2024 Shift 1)

(a) केवल तर्क I दृढ़ है।
(b) तर्क I और II दोनों दृढ़ हैं।
(c) न तो तर्क I और न ही II दृढ़ है।
(d) केवल तर्क II दृढ़ है।

9. कथनः

क्या योग को माध्यमिक विद्यालयों में एक अनिवार्य विषय बनाया जाना चाहिए?

तर्कः

I. हाँ, योग को स्वास्थ्य के लिए बढ़िया माना जाता है।

II. नहीं, हम प्रत्येक विद्यार्थी को समान तरह के योगासन करने के लिए आग्रह नहीं कर सकते क्योंकि हो सकता है कि उन्हें करने के लिए उनकी शरीर और स्वास्थ्य अवस्था उनका शायद साथ दे या शायद ना दे।

(UPP Radio Oper. 06/02/2024 Shift 1)

(a) तर्क I और II दोनों दृढ़ हैं।
(b) न तो तर्क I और न ही II दृढ़ है।
(c) केवल तर्क I दृढ़ दृढ़ है।
(d) केवल तर्क II दृढ़ है।

10. कथनः

क्या शराब पीने पर प्रतिबंध लगना चाहिए?

तर्कः

I. हाँ, चिकित्सकीय रूप से यह साबित हो चुका है कि शराब पीने से बीमारियाँ होती हैं जिससे जल्दी मौत हो जाती है।

II. नहीं, अर्थव्यवस्था को झटका लग सकता है।

(UPP Radio Oper. 07/02/2024 Shift 1)

(a) केवल तर्क I दृढ़ है।
(b) तर्क I और II दोनों दृढ़ हैं।
(c) न तो तर्क I और न ही II दृढ़ है।
(d) केवल तर्क II दृढ़ है।

**11. कथनः-**

**क्या सीमा पार तनाव को रोकने के लिए भारत पड़ोसी देशों के साथ बातचीत कर सकता है?**

**तर्कः**

**I. हाँ, सीमा पार आतंकवाद को कम करने और निर्दोष लोगों की जान के नुकसान को रोकने के लिए यही एकमात्र रास्ता है।**

**II. नहीं, इस तरह के मामलों में पड़ोसी देशों पर भरोसा नहीं किया जा सकता है, वे इसके बाद भी विध्वंसक गतिविधियों में संलग्न हो सकते हैं।**

(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**12. कथनः-**

**क्या भारत में विदेशी फिल्मों पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए?**

**तर्कः**

**I. हां, वे विदेशी संस्कृति का चित्रण करते हैं जो हमारे मूल्यों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते है।**

**II. नहीं, विदेशी फिल्मों उच्च कलात्मक स्तर की होती हैं।**

(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**13. कथनः-**

**क्या शिक्षित बेरोजगार युवाओं को सरकार द्वारा "बेरोजगारी भत्ते" का भुगतान करना चाहिए?**

**तर्कः**

**I. हां, यह उन्हें रोजगार तलाशने या कुछ स्व-. रोजगार उद्यमों को प्रारम्भ करने के लिए कुछ मौद्रिक सहायता प्रदान करता है।**

**II. नहीं, यह आजीविका कमाने के लिए कुछ करने की उनकी इच्छा को कम करता है। और इस प्रकार बेरोजगार युवाओं के बीच आलस्य को बढ़ाना देता है।**

(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।
(e) यदि तर्क I और तर्क II दोनों प्रबल है।

**14. कथनः**

**क्या केवल राज्यों में ही विदेशी निवेश पर ध्याान होना चाहिए?**

**तर्कः**

**I. नहीं, यह देश के समग्र विकास की नीति के खिलाफ है।**

**II. हां, विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए बड़ी संख्या में राज्यों में बुनियादी ढांचे की कमी है।**

(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**15. कथनः**

**क्या उच्च शिक्षा को कुछ समय के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया जाना चाहिए?**

**तर्कः**

**I. नहीं, यह देश की भविष्य की प्रगति में बाधा डाल देगा।**

**II. हां, यह शिक्षित को कम करेगा।**

(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**16. कथन**

**एकल संयुक्त परिवारों से बेहतर है?**

**तर्कः**

**I. नहीं, संयुक्त परिवार सुरक्षा सुनिश्चित करता है और काम के बोझ का भी कम करता है।**

**II. हां, एकल परिवार अधिक स्वतंत्रता सु. निश्चित करते हैं।**

(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।
(e) तर्क I और तर्क II दोनों प्रबल है।

**17. कथनः**

**क्या ग्रामीण इलाकों में सरकारी नौकरियों में अधिक प्रोत्साहन राशि होनी चाहिए?**

**तर्कः**

**I. हां, वहां सरकारी कर्मचारियों को आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन आवश्यक हैं।**

**II. नहीं, बड़े शहरों की तुलना में ग्रामीण इलाके पहले से ही सस्ता, स्वास्थ्य वर्धन और कम जटिल हैं। अतिरिक्त प्रोत्साहन क्यों प्रदान किया जाना चाहिए।**

(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**18. कथनः-**

**क्या युवा उद्यामियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए?**

**तर्कः**

**I. हां,वे देश के औद्योगिक विकास में मदद करेंगें।**

**II. हां, वे रोजगार बाजार पर से बोझ कम कर देंगें।**

(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।
(e) तर्क I और तर्क II दोनों प्रबल है।

**19. कथनः-**

**क्या भारत में प्रत्येक राज्य में एक से अधिक उच्च न्यायालय होने चाहिए?**

**तर्कः**

**I. नहीं, यह करदाताओं के पैसे की भारी बर्बादी होगी।**

**II. हां, इससे बहुत लंबे समय तक लंबित मामले के संचित कार्य को कम करने में मदद मिलेगी।**

(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**20. कथनः-**

**क्या भारत के कॉलिज में छात्रों के लिए विद्यालयों की तरह ही वर्दी होनी चाहिए?**

**तर्कः**

**I. हां, कॉलेजों के माहौल में सुधार होगा क्योंकि सभी छात्र शालीन कपड़े पहने हुए होगें।**

**II. नहीं, कॉलेज के छात्रों को नियंत्रित नहीं किया जाना चाहिए और उन्हें कॉलेज आने के लिए कपड़े चुनने की आजादी देनी चाहिए।**

(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**21. कथनः**

**धर्म पर प्रतिबंध होना चाहिए?**

**तर्कः**

**I. हां, यह लोगों में कट्टरतावाद विकसित करता है।**

**II. नहीं, धर्म लोगों को एक सूत्र में बांधता है।**

(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।
(e) तर्क I और तर्क II दोनों प्रबल है।

**22. कथनः-**

**क्या स्कूली शिक्षा को भारत में मुफ्त किया जाना चाहिए?**

**तर्कः**

**I. हां, साक्षरता के स्तर में सुधार करने का यही एकमात्र तरीका है।**

**II. नहीं, यह पहले से ही भारी बोझ तले आए राजकोष पर अधिक भार डालेगा।**

(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**23. कथनः-**

**क्या महत्वपूर्ण राष्ट्रीय नेताओं के निधन पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की जानी चाहिए?**

**तर्कः**

**I. नहीं, ऐसे अनियत अवकाश राष्टीय प्रगति में बाधा डालते हैं।**

II. हां, लोग दिवंगत आत्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहेंगे।
(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**24.** कथन:-
क्या सरकार को नुकसान पहुंचाने वाले सर्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को बंद करना चाहिए?
तर्क:
I. नहीं, सभी कर्मचारी अपनी नौकरियां,सुरक्षा और कमाई खो देगें, तो वे क्या करेंगें?
II. हां, एक प्रतिस्पर्धी दुनिया में 'योग्यतम की उत्तरजीविता' का नियम है।
(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**25.** कथन:-
क्या भारत में आयकर को समाप्त कर दिया जाना चाहिए
तर्क:
I. हां, यह श्रमजीवियों पर एक अनावाश्यक बोझ है।
II. नहीं, यह राजस्व का एक अच्छा स्त्रोत है।
(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**26.** कथन:-
क्या मुंबई में नए बड़े उद्योग शुरू किए जाने चाहिए?
तर्क:
I. हां, यह रोजगार के अवसर पैदा करेंगे।
II. नहीं, यह शहर के प्रदुषण को और ज्यादा बढ़ा देगें।
(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**27.** कथन:-
उद्यागों में ऊंची चिमनियां स्थापित की जानी चाहिए?
तर्क:
I. हां, यह जमीनी स्तर पर प्रदूषण को कम करता है।
II. नहीं, यह ऊपरी वातावरण में प्रदूषण को बढ़ाना है।
(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**28.** कथन:-
क्या तेल कंपनियों को बाजार स्थितियों के आधार पर पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत तय करने की अनुमति दी जानी चाहिए?
तर्क:
I. हां, तेल कंपनियों को वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य बनाने का यही एकमात्र तरीका है।
II. नहीं, इससे आवश्यक वस्तुओं की खुदरा कीमतों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा और जनता के लिए बहुत कठिनाइयों का कारण बनेगा।
(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**29.** कथन:-
क्या दहेज पर कानूनन रोक होने के बावजूद दहेज लेने वालों को दंडित किया जाना चाहिए?
तर्क:
I. हां, जो लोग कानून का उल्लंघन करते है।, उन्हें दंडित किया जाना चाहिए।
II. नहीं, दहेज प्रथा प्राचीन काल से ही समाज में अपनी जड़ें फैलाए हुए है।
(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**30.** कथन:-
क्या रिश्वत लेने वाले अधिकारियों को सजा देनी चाहिए?
तर्क:
I. नहीं, कुछ खास परिस्थितियों ने उन्हें रिश्वत लेने के लिए मजबूत किया होगा।
II. हां, उन्हें वो कार्य ईमानदारी से करना चाहिए जो उन्हें सौंपा गया है।
(a) केवल तर्क I प्रबल है।
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) या तो I या फिर II प्रबल है।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।
(e) तर्क I और तर्क II दोनों प्रबल है।

**31.** कथन:
क्या जनता के लिए बुलेट ट्रेन शुरू की जानी चाहिए?
तर्क:
I. हाँ, यह यात्रा के लिए समय को कम करता है, जिससे समय और धन की बचत होगी।
II. नहीं, इसके लिए पहले एक अच्छा इफ्रास्ट्रक्चर बनाया जाना चाहिए, जिसके बाद बुलेट-ट्रेनों को शुरू किया जा सकता है।
UPP Jail warden 20/12/2020
(1) केवल तर्क I प्रबल है
(2) केवल तर्क II प्रबल है।
(3) 1 और II दोनों तर्क मजबूत हैं।
(4) न तो तर्क I न ही तर्क II मजबूत है।
(a) 2 (b) 3
(c) 1 (d) 4

**32.** कथन:
क्या सभी को स्वस्थ रहने के लिए फलों के ज्यादा सेवन से बचना चाहिए?
तर्क:
1. हाँ, फल महँगे होते है, इसलिए उनसे बचना बेहतर है।
2. नहीं, फल महत्वपूर्ण विटामिन और खनिजों का एक अच्छा पूरक हैं, जो शरीर के लिए आवश्यक है।
UPP Jail warden 20/12/2020
(1) केवल तर्क I प्रबल है
(2) केवल तर्क II प्रबल है।
(3) I और II दोनों तर्क मजबूत हैं।
(4) न तो तर्क I न ही तर्क II मजबूत है।
(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 1

**33.** कथन
क्या ग्रेजुएशन करने वाले छात्रों को अच्छी वित्तीय शिक्षा दी जानी चाहिए, ताकि वे अपने भविष्य में अधिक कुशलता से धन का प्रबंधन कर सकें।
तर्क:
I. हाँ, सभी छात्रों में मूलभूत वित्तीय प्रबंधन कौशल की कमी है।
II. नहीं, जबकि चिकित्सा, कानून और कला के छात्र भी वित्तीय प्रबंधन कौशल में अच्छे हैं।
UPP Jail warden 19/12/2020
(1) केवल तर्क I प्रबल है
(2) केवल तर्क II प्रबल है।
(3) I और II दोनों तर्क मजबूत हैं।
(4) न तो तर्क I न ही तर्क II मजबूत है।
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**34.** कथन:-
क्या सरकारी स्कूलों में दिया जाने वाला मध्यान्ह भोजन बंद कर दिया जाना चाहिए?
तर्क:
I. नहीं, यह वंचित बच्चों को कम से कम एक समय का भोजन प्रदान करता है।
II. हां, यह स्कूल में जाने के लिए गलत प्रोत्साहन प्रदान करता है।
UPP Jail warden 20/12/2020
(a) केवल तर्क I प्रबल है
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) I और II दोनों तर्क मजबूत हैं।
(d) न तो तर्क I न ही तर्क II मजबूत है।

**35.** कथन:-
क्या भारत जैसे विकासशील देश में करों को समाप्त किया जाना चाहिए?
तर्क:
I. नहीं, देश का विकास करने हेतु सरकार को कदम उठाने के लिए कर, आय के अच्छे स्त्रोत हैं।
II. हां, इन करों का उपयोग राष्ट्र के कल्याण के लिए नहीं किया जाता है।
UPP Const. 28/01/2019
(a) केवल तर्क I प्रबल है
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) I और II दोनों तर्क मजबूत हैं।
(d) न तो तर्क I न ही तर्क II मजबूत है।

**36.** कथन
क्या दिल्ली में नए बड़े उद्योग शुरू किए जाने चाहिए?

तर्कः

I. नहीं, इससे शहर के प्रदुषण में इज़ाफा होगा।।

II. हां, यह रोजगार के अवसर प्रदान करेगा।

UPP Jail warden. 27/12/2019

(a) केवल तर्क I प्रबल है
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) I और II दोनों तर्क मजबूत हैं।
(d) न तो तर्क I न ही तर्क II मजबूत है।

37. कथन

क्या निजी क्षेत्र को भारत में अस्पतालों को संचालित करने करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

तर्कः

I. हाँ, वे उन्नत पश्चिमी देशों में संचालन होते है।

II. नहीं, अस्पतालों को निजी हाथों में रखना खतरनाक है।

UPP Const. 26/10/2018

(a) केवल तर्क I प्रबल है
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) न तो तर्क I न ही तर्क II मजबूत है।
(d) I और II दोनों तर्क मजबूत हैं।

38. कथन

क्या सरकार को दालों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाना चाहिए?

तर्कः

I. हाँ, इससे भारत में दालों की कीमत कम हो जाएगी।

II. नहीं, इस निर्णय से निर्यात उद्योग में नौकरियां समाप्त हो जाएगी।

UPP Const. 26/10/2018

(a) केवल तर्क I प्रबल है
(b) केवल तर्क II प्रबल है।
(c) न तो तर्क I न ही तर्क II मजबूत है।
(d) I और II दोनों तर्क मजबूत हैं।

39. कथनः-

क्या अंतरजातीय विवाह को भारत में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए?

तर्कः

I. हाँ, यह जाति व्यवस्था को समाप्त कर देगा।

II. नहीं, यह हमारी भारतीय परिवार प्रणाली को नष्ट कर देगा।

UPP Const. 26/10/2018

(a) केवल तर्क I मजबूत है
(b) केवल तर्क II मजबूत है।
(c) न तो तर्क I न ही तर्क II मजबूत है।
(d) तर्क I और II दोनों तर्क मजबूत हैं।

40. कथनः-

क्या सरकार को शराब उत्पादन पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए?

तर्कः

I. हाँ इससे सड़क दुर्घटनाएं और कई अन्य स्वास्थ्य समस्याएं कम हो जांएगी।

II. नहीं यह निर्णय शराब उद्योग में नौकरियों को खत्म कर देगा।

UPP Const. 25/10/2018

(a) केवल तर्क I मजबूत है
(b) केवल तर्क II मजबूत है।
(c) न तो तर्क I न ही तर्क II मजबूत है।
(d) तर्क I और II दोनों तर्क मजबूत हैं।

41. कथनः-

भारत के किसी समृद्ध परिवार से न आने वाले किसी बच्चें को क्या अपने जुनून का अनुसरण करने देना चाहिए।

तर्कः

I. हाँ, इन दिनों यदि किसी बच्चे को अपनी अभिरूचि का अनुसरण करने दिया जाए, तो वह इसमें श्रेष्ठ हो सकता है यहाँ तक कि आर्थिक तौर पर भी।

II. नहीं, आज भी देश में मजबूत समाजिक सुरक्षा प्रणाली नहीं है और किसी को अपरंपरागत क्षेत्रों में स्थापित करना समय की बर्बादी है तथा यह आर्थिक रूप से भार डालने वाला हो सकता है।

UPP Const. 18/06/2018

(a) केवल तर्क I मजबूत है
(b) केवल तर्क II मजबूत है।
(c) न तो तर्क I न ही तर्क II मजबूत है।
(d) तर्क I और II दोनों तर्क मजबूत हैं।

42. कथनः-

क्या माता -पिता को अपनी बेटियों को शिक्षित करने में उतना खर्च करना चाहिए जितना वे अपने बेटों को शिक्षित करने में खर्च करते है?

तर्कः

I. नहीं, लगभग सभी आँकड़े इस तथ्य को दर्शाते हैं कि लड़के लड़कियों से कहीं अधिक बुद्धिमान हो सकती हैं।

II. नहीं, हालांकि लड़कियां बुद्धिमान हो सकती हैं, लेकिन माता-पिता को उनके विवाह के लिए अलग से धन रखना पड़ता है।

UPP Const. 18/06/2018

(a) केवल तर्क I मजबूत है
(b) केवल तर्क II मजबूत है।
(c) न तो तर्क I न ही तर्क II मजबूत है।
(d) तर्क I और II दोनों तर्क मजबूत हैं।

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (d) | 3. | (a) | 4. | (b) | 5. | (a) | 6. | (d) | 7. | (a) | 8. | (c) | 9. | (d) | 10. | (a) |
| 11. | (a) | 12. | (d) | 13. | (e) | 14. | (a) | 15. | (a) | 16. | (e) | 17. | (a) | 18. | (e) | 19. | (b) | 20. | (b) |
| 21. | (c) | 22. | (b) | 23. | (a) | 24. | (a) | 25. | (b) | 26. | (c) | 27. | (a) | 28. | (b) | 29. | (a) | 30. | (b) |
| 31. | (b) | 32. | (c) | 33. | (d) | 34. | (a) | 35. | (a) | 36. | (c) | 37. | (c) | 38. | (a) | 39. | (a) | 40. | (a) |
| 41. | (a) | 42. | (c) | | | | | | | | | | | | | | | | |

# विस्तृत हल

**Ans. 1. (a)**

प्रश्नानुसार तर्क I और II दोनों मजबूत है क्योंकि दोनो ही तर्क में साक्षरता को मतदान का न्यूनतम मानदंड नही माना है।

**Ans. 2. (d)**

प्रश्नानुसार न तो तर्क I न ही II मजबूत है क्योंकि कथनानुसार दोनों ही तर्क ट्यूशन पढ़ाने पर रोक लगाने की बात कर रहे है।

**Ans. 3. (a)**

प्रश्नानुसार तर्क I और II दोनों दृढ़ हैं। क्योंकि दिये गये कथनानुसार दोनों तर्क विज्ञापन का बेहतर उल्लेख कर रहे है।

**Ans. .4. (b)**

प्रश्नानुसार तर्क I और II दोनों दृढ़ हैं। क्योंकि दिये गये कथनानुसार दोनों ही तर्क हेलमेट पहनने के बारे में जागरूक कर रहे है।

**Ans. 5. (a)**

प्रश्नानुसार न तो तर्क I और न ही II दृढ़ है क्योंकि रेलवे एक सेवा है। किसी का भी अधिकार नही है।

**Ans. 6. (d)**

प्रश्नानुसार न तो तर्क I और न ही II दृढ़ है दिए गये कथनानुसार दोनों ही तर्क सही नहीं है।

**Ans. 7. (a)**

प्रश्नानुसार केवल तर्क II दृढ़ है तर्क I दिये गये कथनानुसार तर्कहीन है।

**Ans. 8. (c)**

प्रश्नानुसार न तो तर्क I और न ही II दृढ़ है। दिये गये कथनानुसार दोनो ही तर्क अर्थहीन है।

**Ans. 9. (d)**

प्रश्नानुसार केवल तर्क II दृढ़ है। क्योंकि कथन में प्रयुक्त हुए अनिवार्य शब्द की वजह से तर्क I सही नहीं होगा।

**Ans. 10. (a)**

प्रश्नानुसार केवल तर्क I दृढ़ है। क्योंकि कथानुसार तर्क II गलत है। क्योंकि अर्थव्यवस्था केवल शराब पर निर्भर नही करती है।

**Ans. 11. (a)**

प्रश्नानुसार, शांतिपूर्वक समझौते के माध्यम से शांतिपूवर्क निपटान सबसे अच्छा तरीका है, बेसक विषय कुछ भी रहा हो इसलिए तर्क I प्रबल है। इसके अलावा, II में सांकेतिक समस्या को लगातार जांच और सतर्कता से नियंत्रित किया जा सकता है। अत: II सही नहीं है।

**Ans. 12. (d)**

प्रश्नानुसार विदेशी फिल्में वंहा अपनी की संस्कृति को दर्शाती हैं परंतु तर्क I प्रबल नहीं है। तर्क II में प्रतिबंध के विपरीत कारण भी मजबूत नहीं है। अत: न तो I व II प्रबल है।

**Ans. 13. (e)**

प्रश्नानुसार वह युवा जिन्हें सभी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में आवेदकों के कारण रोजगार नहीं मिलता है, उन्हे निश्चित रूप से भत्ता दिया जाना चाहिए क्योंकि वह स्वयं की सहायता कर सकें। अत: तर्क I सही है। हालांकि, इस तरह के भत्ते उनके भीतर काम करने की इच्छा शक्ति को प्रभावित करेगे और उन्हें निष्क्रिय बना देंगे। अत: तर्क II भी प्रबल है।

**Ans. 14. (a)**

प्रश्नानुसार पूरे देश में समान विकास के लिए विदेशी निवेश का एक समान वितरण जरूरी है। अत: तर्क I प्रबल है। इसके अतिरिक्त कोई पिछड़ा राज्य उपेक्षित नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि ऐसे राज्यों को विदेशी निवेश को अपनी तरफ खिचनें के लिए तैयार करना और आकार दिया जाना चाहिए। अत: तर्क II प्रबल नहीं है।

**Ans. 15. (a)**

प्रश्नानुसार उच्च शिक्षा बेरोजगारी का कारण नहीं है। बल्कि इसने अधिक रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। अत: तर्क II प्रबल नहीं है। इसके अतिरिक्त, उच्च शिक्षा देश के विकास को बढ़ावा देती है। अत: तर्क I प्रबल है।

**Ans. 16. (e)**

प्रश्नानुसार संयुक्त परिवार में ज्यादा लोगों के साथ होने के कारण अधिक सुरक्षा है। इसके अतिरिक्त काम भी बाँटकर किया जाता है। अत: तर्क I प्रबल है। एकल परिवारों में लोगों की संख्या कम होती है और इसलिए इतनी कम जिम्मेदारियां और अधिक आजादी हैं। इस तरह, II भी प्रबल है।

**Ans. 17. (a)**

प्रश्नानुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी नौकरियों को अनेक परेशानियां के साथ रेखांकित किया गया है। इनके बदले में अतिरिक्त प्रोत्साहन की आवश्यकता है। अत: केवल तर्क I प्रबल है।

**Ans. 18. (e)**

प्रश्नानुसार, युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करना नए उद्योगों की स्थापना के लिए क्षेत्र खोल देता है। इस तरह, न केवल उद्यमियों को रोजगार देगा बल्कि दूसरों के लिए भी अधिक रोजगार के अवसर पैदा करेगा। अत: दोनों तर्क प्रबल हैं

**Ans. 19. (b)**

प्रश्नानुसार, उच्च न्यायालयों की संख्या में वृद्धि निश्चित रूप से कार्य में तेजी लाएगी और लंबित मामलों को खत्म करने में मदद करेगी। अत: तर्क II प्रबल है। इसमें किये हुए खर्च का 'अच्छे से प्रयोग' होगा, न कि पैसे की 'बर्बादी' अत: तर्क I प्रबल नहीं है।

**Ans. 20. (b)**

प्रश्नानुसार, कई वर्षो तक स्कूल के औपचारिक ड्रेस कोड और सख्त अनुशासन में रहने के बाद, छात्रों को कॉलेज जीवन में कुछ स्वतंत्रता दी जानी चाहिए, स्कूल बच्चे की सुरक्षा का ख्याल रखने के लिए वर्दी अपनाते हैं- इसलिए तर्क II प्रबल है। इसके अलावा, कॉलेज का पर्यावरण छात्रों के व्यावहार और शिष्टाचार पर आर्पित होगा न कि उनकी वर्दी पर। अत: तर्क I प्रबल नहीं है।

**Ans. 21. (c)**

प्रश्नानुसार धर्म भगवान के नाम और मानव मूल्यों के कारण लोगों को एक साथ बांधता है। परन्तु यह लोगों के बीच मतभेद और बैर पैदा कर सकता है। अत: या तो तर्क I या फिर तर्क II प्रबल है।

**Ans. 22. (b)**

प्रश्नानुसार सभी के लिए शिक्षा को मुफ्त करना साक्षरता सुनिश्चित करने का एकमात्र साधन नहीं है। इसके लिए जागरूकता पैदा की जानी चाहिए। इसलिए: तर्क I अस्पष्ट है। इस तरह के कदम के लिए अत्यधिक धन की आवश्यकता होगी और वित्तीय निकासी की ओर ले जाएगा। अत: तर्क II प्रबल है।

**Ans. 23. (a)**

प्रश्नानुसार, गैरजरूरी और असामयिक अवकाश प्राकृ. तिक रूप से काम को प्रभावित करने का कारण बनती हैं। अत: तर्क I प्रबल है, किसी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए अवकाश आवश्यक नहीं है। अत: तर्क II प्रबल नहीं है।

**Ans. 24. (a)**

प्रश्नानुसार सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को बंद करना निश्चित रूप से इसमें शामिल लोगों को रोजगार से बाहर कर देगा। इसलिए तर्क I प्रबल है।घाटे में जा रहे उद्यम को बंद करना ही कोई समाधान नहीं है। इसकी विफलता के कारणों का अध्ययन किया जाना चाहिए, और आवश्यक सुधारों को लागू किया जाना चाहिए। अत: तर्क II अस्पष्ट है।

**Ans. 25. (b)**

प्रश्नानुसार आयकर लगाया जाता है ताकि प्रत्येक नागरिक देश की आधारभूत संरचना के प्रति अपनी कमाई के हिस्से का योगदान दे सके। इसलिए तर्क I प्रबल नहीं है। हालांकि, सरकार के लिए राजस्व का आयकर से अच्छा कोई स्रोत नहीं है। इसलिए, तर्क II प्रबल है।

**Ans. 26. (c)**

प्रश्नानुसार नए उद्योगों को खोलना अधिक रोजगार के अवसर बनाने में फायदेमंद है, यह प्रदूषण को बढ़ावा देता है। अत: दानों में से या तो I या फिर II प्रबल है।

**Ans. 27. (a)**

प्रश्नानुसार जमीनी स्तर का प्रदूषण सबसे खतरनाक होने के कारण मानव और पशु जीवन के लिए हानिकारक है। अत: केवल तर्क I प्रबल है।

**Ans. 28. (b)**

प्रश्नानुसार, तेल एक जरूरी वस्तु है और इसकी कीमतें अन्य जरूरी वस्तुओं को नियंत्रित करती हैं। उसी तरह, कुछ तेल कंपनियों को लाभ के बजाय आम लोगों के हितों का ध्यान रखा जाना चाहिए। अत: केवल तर्क II प्रबल है।

**Ans. 29. (a)**

प्रश्नानुसार, कानून यह सुनिश्चित करने के लिए बनाए जाते हैं कि कोई भी व्यक्ति प्रथा का अनुसरण तो नहीं करता है। इसलिए, कानूनों का उल्लंघन करने

वाले व्यक्तियों को दंडित करने की जरूरत है।, तर्क I प्रबल है। एक कुप्रथा को समाप्त करने की आवश्यकता है। अत: तर्क II अस्पष्ट है।

**Ans. 30. (b)**

प्रश्नानुसार, अधिकारियों को उनके द्वारा की जाने वाली नौकरियों के लिए विविधता में भुगतान किया जाता है। अत: उन्हें ईमानदारी से यह करना चाहिए। इसलिए केवल तर्क II प्रबल है।

**Ans. 31. (b)**

प्रश्नानुसार, यहाँ पर तर्क (I) और (II) दोनों प्रबल है।

**Ans. 32. (c)**

प्रश्नानुसार, कथन के अनुसार, तर्क केवल (ii) अनुसरण कर रहा है।

**Ans. 33. (d)**

प्रश्नानुसार, दोनों तर्कों में से कोई भी तर्क प्रबल नहीं है।

**Ans. 34. (a)** प्रश्नानुसार, केवल तर्क 1 प्रबल है।

**Ans. 35. (a)**

प्रश्नानुसार, केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है क्योंकि उपयोग के बारें में कथन में कुछ नहीं कहा गया है।

**Ans. 36. (c)**

प्रश्नानुसार तर्क 1 और 2 दोनों प्रबल हैं।

**Ans. 37. (c)**

प्रश्नानुसार न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**Ans. 38. (a)**

प्रश्नानुसार सरकार द्वारा निर्यात उद्योग में दालों के निर्यात पर प्रतिबन्ध लगाने से देश में दालों के भण्डार में वृद्धि होगी जिससे दालों की मात्रा बाजार में अधिक उपलब्ध होने से दाल की कीमतों में कमी आएगी। किंतु जरूरी नहीं कि इस निर्णय से निर्यात उद्योग में नौकरियां समाप्त हो जाएं क्योंकि निर्यात उद्योग में केवल दालें ही नहीं वरन अनेक प्रकार की वस्तुएं शामिल होती हैं। अत: केवल तर्क I प्रबल है।

**Ans. 39. (a)**

भारत में अन्तरजातीय विवाह प्रणाली को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि एक जाति के पुरुष/स्त्री का विवाह दूसरी जाति के स्त्री/पुरुष से हो सके। ऐसा करने से समाज में जाति की व्यवस्था की समाप्ति होगी। अन्तरजातीय विवाह व्यवस्था से हमारी भारतीय परिवार प्रणाली पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। अत: यहां पर केवल तर्क (I) मजबूत है।

**Ans. 40. (a)**

प्रश्नानुसार कथन से तर्क I को निकाला जा सकता है।

**Ans. 41. (a)**

प्रश्नानुसार दिए गए प्रश्नानुसार तर्क 1 तर्कसंगत होगा।

**Ans. 42. (c)**

प्रश्नानुसार प्रश्न के अनुसार कोई भी निष्कर्ष तर्कसंगत नहीं है।

# Sandeep Sir Super – 20

**1.** **कथनः-**
**क्या हमें सामुदायिक धुलाई केंद्रों को बढ़ावा देना चाहिए?**
**तर्कः**
**I.** **हाँ, इससे बहुत सारे संसाधनों की बचत होगी।**
**II.** **नहीं, भारत में यह संकल्पना अभी भी नयी है, क्योंकि लोग अपने कपड़े घर पर धोते हैं।**
(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवलं तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

**2.** **कथन**
**क्या स्मार्टफोन लत लगाने वाली वस्तु है?**
**तर्कः**
**I.** **हाँ, एक बार जब आपको स्मार्ट फोन इस्तेमाल करने की आदत पड़ जाती है, तो आप अपने निजी समय से भी अधिक समय मोबाइल पर बिताते हैं।**
**II.** **नहीं, वे अतिरिक्त सुविधाओं की पेशकश करते हैं, जो आधुनिक जीवन शैली के लिए बहुत जरूरी है।**
(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवलं तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

**3.** **कथन**
**क्या वन्य जीव अभयारण्यों की अक्षुण्णता को बनाए रखा जाना चाहिए?**
**तर्कः**
**I.** **हाँ, लुप्तप्राय प्रजातियों को रहने के लिए विशेष अलग जगह देनी चाहिए जो पारिस्थितिक संतुलन को बढ़ावा देता है।**
**II.** **नहीं, उन्हें आय उत्पन्न करने के लिए अधिक से अधिक आगंतुकों को आकर्षित करना चाहिए।**
(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवलं तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

**4.** **कथन**
**क्या स्थानीय अस्पतालों द्वारा टीकाकरण के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने चाहिए?**
**तर्कः**
**I.** **हाँ, इससे महामारी को रोकने में मदद मिलेगी।**
**II.** **नहीं, यह अस्पताल की जिम्मेदारी नहीं है। अधिकारियों का कार्यभार बढ़ जाएगा।**
(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवलं तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

**5.** **कथनः-**
**क्या स्थानीय सरकारी निकायों द्वारा वर्षा जल संचयन के बारे में जनता को शिक्षित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने चाहिए?**
**तर्कः**
**I.** **हाँ, जल बहुत कीमती है। हमारे प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित रखने के लिए जारूकता बढ़ाई जानी चाहिए।**
**II.** **नहीं, केवल हरित क्षेत्रों का दायरा बढ़ाना चाहिए। प्राकृतिक रूप से वर्षा जल संचयन सदियों से हो रहा है।**
(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवलं तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

**6.** **कथनः-**
**क्या संगीत चिकित्सा अस्पतालों में शुरू की जानी चाहिए?**
**तर्कः**
**I.** **हाँ, यह सिद्ध किया जा चुका है कि संगीत का शरीर और दिमाग पर स्वास्थ्यप्रद प्रभाव पड़ता है। यह रोगियों को तेजी से ठीक होने में मदद करेगा।**
**II.** **नहीं, यह मदद नहीं करेगा।**
(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवलं तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

**7.** **कथनः-**
**क्या भारत में नये इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए?**
**तर्कः**
**I.** **हाँ, प्रत्येक वर्ष लाखों इंजीनियर और स्नातक नौकरी नहीं पा सकते हैं क्योंकि माँग आपूर्ति से बहुत कम है।**
**II.** **नहीं, अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्षेत्र में सतत बढ़ रही टेक्नोक्रेटों की माँग की पूर्ति के लिए भारत को अधिक तकनीकी अर्हता प्राप्त लोगों की जरूरत है।**
(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवलं तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

**8.** **कथनः-**
**क्या देश में सभी पुलिस थानों के प्रभारियों को प्रत्येक दो वर्ष में स्थानांतरित कर दिया जाना चाहिए?**
**तर्कः**
**I.** **नहीं, इससे बड़ा प्रशासनिक झंझट पैदा हो जाएगा और पुलिस अधिकारियों को भी बड़ी असुविधा उठ खड़ी होगी।**
**II.** **हाँ, पुलिस अधिकारियों और समाज विरोधी तत्वों के बीच संबंध को तोड़ने का यही एकमात्र तरीका है।**
(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवलं तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

**9.** **कथन**
**क्यां, भारत से एक राज्य से दूसरे राज्य में लोगों के स्थानांतर (migration) पर प्रतिबंध होना चाहिए?**
**तर्कः**
**I.** **नहीं, किसी भी भारतीय को अपनी पसंद के किसी भी स्थान पर रहने का मूलभूत अधिकार है अतः उन्हें रोका नहीं जा सकता।**
**II.** **हाँ, भारत के राज्यों में संसाधनों के समान वितरण का यही एकमात्र तरीका है।**
(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवलं तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

**10.** **कथन**
**अच्छे स्वास्थ्य एवं ठीक से रहने के लिए हमेशा वातानुकूलित वातावरण में रहना चाहिए।**
**तर्कः**
**I.** **एयर कंडीशनर में लगे फिल्टर एलर्जी उत्पन्न करने वाले परागकणों तथा अन्य बाह्य एलर्जी से सुरक्षा करता है।**
**II.** **वातानुकूलित वातावरण में अधिक समय तक रहने पर प्राकृतिक तापमान के प्रति शरीर की सहन शक्ति धीरे-धीरे क्षीण हो जाती है।**
(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवलं तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

**11.** **कथनः-**
**क्या सरकार को सार्वजनिक स्थानों और कार्यस्थलों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाना चाहिए?**
**तर्कः**
**I.** **हाँ, प्रतिबंध धूम्रपान करने वालों को धूम्रपान कम करने या छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा।**
**II.** **नहीं, धूम्रपान करने वालों को धूम्रपान करने के लिए एक निजी स्थान की तलाश करने में कष्ट होगा।**

(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवल तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

**12. कथन:**

**क्या पुलिस को बॉडी केमरा लगाना चाहिए?**

**तर्क:**

**I. हाँ, पुलिस अधिकारियों की वर्दी में कैमरे लगाने से पुलिस-नागरिक संपर्क की शिष्टता में सुधार होता है और पुलिस की पारदर्शिता और वैधता के बारे में नागरिकों की धारणाओं में वृद्धि होती है।**

**II. नहीं, यह उनकी वर्दी पर अच्छा नहीं लगता।**

(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवल तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

**13. कथन:**

**क्या महिलाओं को लड़ाकू इकाइयों में सेवा करनी चाहिए?**

**तर्क:**

**I. हाँ, महिलाओं को लड़ाकू इकाइयों में सेवा करने की अनुमति देना लैंगिक समानता की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।**

**II. नहीं, भारत में महिलाएँ सबसे अधिक भावुक होती हैं।**

(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवल तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

**14. कथन क्या सार्वजनिक स्थानों पर सेलफोन का उपयोग प्रतिबंधित होना चाहिए?**

**तर्क:**

**I. हाँ, सार्वजनिक स्थानों जैसे पुस्तकालयों, संगीत हॉल और प्रदर्शनी वाले स्थानों में, फोन से दूसरों को परेशानी हो सकती है और इससे उनका अनुभव खराब हो सकता है।**

**II. नहीं, सेलफोन के बिना जीवन असंभव है।**

(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवल तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

**15. कथन**

**क्या सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को 'हायर-एंड-फायर' नीति अपनाने की अनुमति देनी चाहिए?**

**तर्क:**

**I. हाँ, क्योंकि यह सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को निष्पादन नहीं करने वाले कर्मचारियों से छुटकारा पाने में सहायता करेगा तथा निष्पादन करने वाले कर्मचारियों को पारितोषिक देने में सहायता करेगा।**

**II. नहीं, प्रबंधन इस नीति को बिना पक्षपात के लागू करने में समर्थ नहीं होगा तथा प्रबंधन के निरंकुशता के कारण कर्मचारी को हानि उठाना पड़ेगा।**

(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवल तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

**16. कथन**

**क्या राष्ट्रपति की कार्यावधि लंबी होनी चाहिए?**

**तर्क:**

**I. नहीं, भारत का राष्ट्रपति देश का एक अकार्यकारी प्रधान है। इसलिए उसकी कार्यावधि को बढ़ाने की कोई आवश्यकता नहीं है।**

**II. हाँ, यह राष्ट्रपति द्वारा सरकार के दीर्घकालिक उद्देश्यों को पूरा करने में मार्गदर्शन प्रदान करने में सहायक होगा।**

(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवल तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

**17. कथन**

**क्या सेवानिवृत होने वाले सरकारी कर्मचारी के एक निकट संबंधी को भारत सरकार में नौकरी दे देनी चाहिए?**

**तर्क:**

**I. हाँ, संबंधी इस प्रकार की नौकरी और कहाँ पा सकेगा?**

**II. नहीं, इससे स्पर्धी और जरूरतमंद युवकों के लिए सरकारी सेवा के दरवाजे बंद हो जायेंगे।**

(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवल तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

**18. कथन**

**क्या विदेशी निवेश का संकेंद्रण केवल राज्यों में ही होना चाहिए?**

**तर्क:**

**I. नहीं, यह देश के सर्वांगीण विकास के विरुद्ध होगा।**

**II. हाँ, क्योंकि बहुत सारे प्रांतों में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए आधारभूत संरचना का अभाव है।**

(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवल तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

**19. कथन**

**क्या ऐसे सभी माध्यमिक स्कूलों को बंद कर दिया जाना चाहिए जहाँ से 50% से कम विद्यार्थी SSC परीक्षा में पास होते हैं।**

**तर्क:**

**I. नहीं, इसके बजाए इन स्कूलों से पास प्रतिशत में सुधार हेतु सुधारात्मक उपाय करने के लिए कहा जाना चाहिए।**

**II. हाँ, इससे सभी माध्यमिक स्कूलों को कड़ा संदेश जाएगा।**

(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवल तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

**20. कथन:**

**क्या शहर की सभी फैक्टरियाँ शहर से बाहर, मुख्य शहर से बहुत दूर स्थानांतरित की जानी चाहिए?**

**तर्क:**

**I. हाँ, शहर में प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए यह एक आवश्यक कदम है।**

**II. नहीं, ऐसी कार्रवाई से फैक्टरियों के कर्मचारियों और उनके परिवारों को भी बहुत-सी असुविधा होगी।**

(a) केवल तर्क I सही है।
(b) केवल तर्क II सही है।
(c) तर्क I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही II सही है
(e) या तो तर्क I या II सही है

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (c) | 3. | (a) | 4. | (a) | 5. | (a) | 6. | (a) | 7. | (b) | 8. | (d) | 9. | (a) | 10. | (a) |
| 11. | (a) | 12. | (a) | 13. | (a) | 14. | (a) | 15. | (a) | 16. | (a) | 17. | (b) | 18. | (a) | 19. | (a) | 20. | (a) |